हिन्दी दैनिक

# देश की उपासना

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–320 : जौनपुर, मंगलवार 05 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मास्क पहनकर खुद मरीजों की लाइन में लगे डिप्टी सीएम : ओपीडी की बदइंतजामी पर हुए नाराज

लखनऊ ब्यूरो : उपमुख्यमंत्री व चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक मंगलवार को अचानक केजीएमयू पहुंच गए और सुविधाओं का निरीक्षण किया। वह मास्क लगाकर खुद लाइन में लग गए और पहले से मौजूद मरीजों से बातचीत कर वहां मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कुछ देर बाद कर्मचारी जब उन्हें पहचान गए तो वह आनन–फानन व्यवस्था दुरुस्त कराने में जुट गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी में बदइंतजामी पर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही पंजीकरण के लिए केजीएमयू के नंबर पर फोन करने वाले मरीजों की कॉल रिसीव न होने पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अगले 24 घंटे में व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दी है। मंत्री ने निरीक्षण के दौरान कई बार पंजीकरण के लिए दिए गए नम्बर पर अपने फोन से कॉल की। हर बार नम्बर बिजी बताता रहा। इससे नाराज होकर वे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक्सचेंज पहुंच गए। वहां सिर्फ दो लाइन पर बात हो रही थी। बाकी 10 लाइन खाली थीं। इस पर उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने एजेंसी हटाने की भी चेतावनी



दी साथ ही उन्होंने कहा कि अब एजेंसी को प्रति कॉल रिसीव करने के हिसाब से भुगतान किया जाए। इसके अलावा ओपीडी में कुर्सियों पर गंदगी और टूटी दिखाई देने पर नाराजगी जताई। मरीजों ने बताया कि वह सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार कर रहे है पर नंबर नहीं आया। इसके अलावा कतार में लगाने की व्यवस्था तक देखने वाला कोई नहीं है। इस पर मंत्री का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की और व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी।

## चुनाव के पहले एक बार सभी वोटर से रिहर्सल जरूर करवा दीजियेगा ताकि गलती की प्रतिशत शून्य हो: महेश चन्द श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी विधान परिषद के प्रत्याशी बृजेश सिंह प्रिंसू चुनाव की तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहें। बैठक की सुभारम्भ मुख्य अतिथि ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। बतौर मुख्य अतिथि महेश चन्द श्रीवास्तव ने कहा कि पिछली सपा और बसपा की जब सरकारे हुआ करती थी तो अपने लोगो को असवैधानिक तरीके से निर्वाचित करा लेते थे पर पहली बार ऐसा हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और हमारे नेताओं को विश्वास आम जनता पर था कि हमारी सरकार बनेगी और सरकार बनाने के बाद हम स्थानीय निकाय का चुनाव करायेगे। और पहले की सरकारे पहले ही करा लेती थी कि पता नही चुनाव में क्या होगा। लेकिन अपने काम की बदौलत योगी जी और मोदी जी का जनता के बीच विश्वसनीयता का इतना बड़ा आधार था कि हमारी पार्टी ने ये जोखिम उठाया कि हम आम चुनाव कराने के बाद ही स्थानीय निकाय चुनाव करायेगे। भाजपा की पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने का काम



किया था जिस पर जनता ने विश्वास कर दूसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाया है। हम सभी को पूरा भरोसा है कि योगी 2.0 में उत्तर प्रदेश विकास का नया इतिहास लिखेगा। भाजपा की सरकार में पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान सुरक्षित है। इसलिये इस निकाय चुनाव में हम भारी मतों से विजयी होंगे। आये हुये कार्यकर्ताओं का जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने आभार व्यक्त किया और बैठक की समाप्ति की घोषणा की। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष मछलीशहर राम विलास पाल, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, मनोज दुबे, विधायक रमेश सिंह, आर के पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता जायसवाल, सिवगोविंद साहू, ब्लॉक प्रमुख गण सतेंद्र सिंह, बृजेश यादव, सुनील यादव नरेन्द्र उपाध्याय, संजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य आमोद सिंह, संदीप सिंह ब्लाक संयोजक गण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

### कासा ग्रीन्स एक्जॉटिका रेजीडेंन्स वेलफियर एशोसिएशन लखनऊ द्वारा कल किया जायेगा स्वागत एवं सहयोग समारोह का आयोजन



–सचिव नीलाभ कृष्ण

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कासा ग्रीन्स एक्जॉटिका रेजीडेंन्स वेलफियर एशोसिएशन के सचिव नीलाभ कृष्ण द्वारा दैनिक देश की उपासना समाचार पत्र को अवगत कराया कि कल दिनांक 06 अप्रैल 2022 को शाम 7:00 बजे शोसायटी द्वारा "स्वागत एवं सहयोग समारोह" का आयोजन किया जा रहा है जिसमें माननीय विधायक राजेश्वर सिंह सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र मुख्य अतिथि होगे, संस्था के लोगों द्वारा उनका सम्मान एवं स्वागत किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में कासा ग्रीन्स एक्जॉटिका रेजीडेंन्स वेलफियर एशोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शुक्ला, उपाध्यक्ष उमेंश चंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मुकेश सेठ के साथ संस्था के माननीय सदस्यगण तथा उनके परिवार जनों द्वारा भाग लिया जायेगा। संस्था के सचिव नीलाभ कृष्ण द्वारा संस्था के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों से कार्यक्रम को सफल बनानें की अपील की गयी है।

## पुरुष नसबंदी में लक्ष्य से 189 प्रतिशत बेहतर किया प्रदर्शन : जौनपुर को कामयाबी

जौनपुर सू.वि. : हेल्थ मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) की ओर से जारी फरवरी 2022 आंकड़ों ने परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के मामले में जनपद की बहुत ही अच्छी तस्वीर प्रस्तुत की है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ राजीव कुमार ने बताया कि 2022 के लिए अनुमानित वार्षिक लक्ष्य 38 पुरुष नसबंदी के लक्ष्य के सापेक्ष फरवरी 2021 तक 72 पुरुष नसबंदी तथा फरवरी 2022 तक 72 पुरुष नसबंदी हुई जो कि लक्ष्य के सापेक्ष 189 प्रतिशत की उपलब्धि है। 10,000 वार्षिक महिला नसबंदी के लक्ष्य के सापेक्ष फरवरी 2021 तक 9,494 तथा फरवरी 2022 तक 8,055 महिला नसबंदी हुई जो कि निर्धारित लक्ष्य का 81 प्रतिशत है। 11,000 वार्षिक आयूसीडी के लक्ष्य के सापेक्ष फरवरी 2021 तक 4,748 तथा फरवरी 2022 तक 11,840 आयूसीडी लाभार्थियों तक पहुंचाई गई जो कि निर्धारित लक्ष्य का 108 प्रतिशत है। निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 9,500 के सापेक्ष फरवरी 2021 तक 5,996 तथा फरवरी 2022 तक 13,137 पीपीआईयूसीडी उपलब्ध कराई गई जो कि निर्धारित लक्ष्य का 138 प्रतिशत है। निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 5,000 के सापेक्ष फरवरी 2021 तक 4,084 अंतरा तथा फरवरी 2022 तक 17,656 त्रयमासिक अंतरा इंजेक्शन लगाए गए जो कि लक्ष्य का 353 प्रतिशत है। 20,000 वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष फरवरी 2021 तक 10,548 गर्भ निरोधक गोली छाया उपलब्ध कराई गई जबकि फरवरी 2022 तक 31,474 छाया उपलब्ध कराई गई जो कि निर्धारित लक्ष्य का 157 प्रतिशत है। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह तथा एसीएमओ डॉ राजीव कुमार ने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी है। स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर भी मिलेंगी परिवार नियोजन की सेवाएं – सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने जिले के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी व पीएचसी) के अधीक्षकों तथा प्रभारी चिकित्साधिकारियों को पत्र जारी कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत चिह्नित स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन की सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पत्र में सीएमओ ने कहा है कि सभी स्वास्थ्य इकाइयों और उपकेंद्रों पर जहां प्रसव हो रहे हैं वहां पर प्रसव के सापेक्ष 30 प्रतिशत पीपीआईयूसीडी लगाया जाना सुनिश्चित करें। जनपद में जून 2022 तक 56 स्वास्थ्य इकाइयों (पीएचसी, सीएचसी तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) को चिह्नित किया गया है। इन स्वास्थ्य इकाइयों पर पोस्ट पार्टम इंट्रा यूट्राइन कांट्रासेप्टिक डिवाइस (पीपीआईयूसीडी), इंट्रा यूट्राइन कांट्रासेप्टिक डिवाइस (आईयूसीडी), अंतरा के साथ–साथ परिवार नियोजन संबंधित अन्य सेवाएं (छाया, माला–एन, कंडोम एवं इमरजेंसी कांट्रासेप्टिक (ईसी) पिल्स) शत प्रतिशत सेवा दिलाना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक माह हेल्थ मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर दी गई सेवाओं की इंट्री सुनिश्चित की जाए। अंतरा और छाया अब सभी उपकेंद्रों पर – परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव कुमार ने बताया कि जिले में अभी तक 25 सीएचसी/पीएचसी पर त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा और साप्ताहिक गर्भ निरोधक गोली छाया उपलब्ध थी। अब सभी उपकेंद्रों तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह सुविधा मिलेगी, जहां प्रशिक्षित सेवा प्रदाता उपलब्ध हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि अनचाहे गर्भ से बचने के लिए साप्ताहिक गर्भ निरोधक गोली छाया भी एक कारगर उपाय है। इसमें उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (यूपीटीएसयू) द्वारा तकनीकी सहयोग किया जा रहा है।

## बच्चों के व्यक्तित्व विकास में भी सरकारी स्कूल पीछे : महंगी फीस देकर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने को अभिभावक मजबूर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : इंग्लिश मीडियम स्कूल मिश्रौलिया मे अभिभावक बच्चों को इसलिए भेजते हैं ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो जाए लेकिन यहां नौनिहाल बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है विद्यालयों का जिम्मा जिनको अफसर बनाने का है वह उन्हें मजदूर बनाने पर तुले हुए है। कहते हैं कैमरा झूठ नहीं बोलता। तस्वीर में बच्चे काम कर रहे हैं और विद्यालय के अध्यापक सफाई दे रहे हैं वीडियो में साफ दिख रहा है । बाल मजदूरी करवाना भी कानूनन जुर्म है। अंबेडकरनगर के आला अधिकारी कार्रवाई करने से क्यों कतरा रहे हैं ऐसे में तो शिक्षा का स्तर गिरता जाएगा। योगी जी की सरकार शिक्षा रोजगार पर विशेष ध्यान दे रही है यहां तो उसी का उल्टा हो रहा है । सरकार की छवि खराब करने पर तुले जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों से बेखबर।

## सीतापुर जिला कृषि अधिकारी के उत्पीड़न से त्रस्त सीतापुर के खाद व्यापारी लामबंद होकर लखनऊ पहुंचे

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 5 अप्रैल सीतापुर के खाद व्यापारी सीतापुर जिले के कृषि अधिकारी सतेद्र प्रताप सिंह एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारी एमपी सिंह के उत्पीड़न से त्रस्त होकर राजधानी लखनऊ पहुंचे, सीतापुर के खाद व्यापारी उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता से मिले तथा उन्हें सीतापुर के कृषि अधिकारी सतेद्र प्रताप सिंह तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारी एमपी सिंह द्वारा खाद व्यापारियों के किए जा रहे उत्पीड़न और शोषण की जानकारी देते हुए मदद की गुहार की "खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन" के अध्यक्ष आर.के कनौजिया, महासचिव अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में खाद व्यापारियों के 9 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने राजधानी में आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता से अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की तथा उन्हें शिकायत पत्र सौंपा, व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने खाद व्यापारियों की समस्याओं को कृषि आयुक्त, कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री तक पहुंचाने तथा हर स्तर पर कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का आश्वासन दिया व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बताया शीघ्र ही उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल



इस विषय को शासन के अधिकारियों एवं संबंधित मंत्री से मिलकर उठाएगा उन्होंने कहा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष आरके कनौजिया, महासचिव अमित कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष देश दीपक बाजपेई, कोषाध्यक्ष अमित प्रजापति ,सहायक महासचिव अजय पाल, सहायक सचिव लखविंदर सिंह, संगठन मंत्री अवनीश सिंह , विपनेश कुमार दीक्षित ,राजेश यादव, रणधीर सिंह संधू ,पिंटू तिवारी विजय कुमार मिश्रा शामिल थे।

## त्याग पर आधारित है भारतीय संस्कृति : ओझा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय संस्कृति व सभ्यता बहुत प्राचीन है. दुनिया की आठ प्राचीन संस्कृतियों में हिन्दू संस्कृति की खास पहचान है। सैकड़ों साल जब देश गुलाम रहा तब भी हमारी भारतीय संस्कृति और हिन्दू रीति रिवाज व परम्पराएं जिन्दा रहीं. गुलामी के दौर में भी हमारे सामाजिक मूल्य जिन्दा रहे. इसी वजह से हिन्दू नववर्ष सिर्फ देश में ही नहीं दुनियाभर धूमधाम से मनाया जाता है. यह बात राजधानी के चारबाग क्षेत्र में स्थित रेल डाक सेवा ' ओ ' मंडल कार्यालय में भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रवर डाक अधीक्षक आलोक ओझा ने कही. समारोह में श्री ओझा ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए 32 रेल कर्मियों को अंग वस्त्र व उपहार देकर सम्मानित भी किया.कार्यक्रम का श्रीआरम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवन से हुआ.



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री ओझा ने कहा कि हम हिन्दू समाज के लोग बाहर चाहे जो रहें लेकिन घर पहुंचते ही माता – पिता, भाई – बहन, पत्नी व बच्चों के प्रति बेहद आत्मीय हो जाते हैं. इतना ही नहीं, सभी के प्रति बातचीत में अपनत्व झलकने लगता है. यही हमारी संस्कृति है जो सभी को जीवनभर बांधे रखती है. मंच पर नेशनल सार्टिंग हब के मैनेजर हरिशंकर लाल..... आदि अधिकारीगणों की गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की भव्यता में चार चांद लग गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक अधीक्षक रत्ना वर्मा ने किया। जिन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया उनमें अधीक्षक श्रीमती रत्ना वर्मा ,प्लेटफार्म निरीक्षक श्रीमती कोमल दयाल, मंडलीय लेखाकार विकास कुंवर श्रीवास्तव, विलगन सहायक वरुण कुमार दिनकर, दामोदर मिस्त्री, प्रधान विलगन सहायक ओम प्रकाश शर्मा विलगन सहायक विनय कुमार सिंह जफर हुसैन विशाल श्रीवास्तव मनीष कनौजिया दिलीप कुमार श्रीवास्तव गौरव मिश्र संजीव कुमार रवि श्रीवास्तव जांच सहायक मनोज कुमार व्यवसाय सहायक विनय कुमार, अमला सहायक ऋषि कुमार एमटीएस बाबूलाल, बिलगन सहायक पंकज कुमार वर्मा, एच एस ए कालिका प्रसाद, अखिलेश कुमार द्विवेदी, बिलगन सहायक मोहित वाल्मीकि, श्रीमती उषा कुमारी, राजेंद्र मौर्य, रामसेवक, सतीश कुमार यादव, निसार अहमद, नवीन बाजपेई ,मेल गार्ड आरके वैश्य, लेखाकार अंकित सक्सेना, एमटीएस श्रीमती ममता आदि प्रमुख हैं। समारोह के दौरान समाजसेवी आर एल पाण्डेय को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## मुंबई में दीपक भोजपुरिया को ग्रीन सिनेमा अवार्ड

मुंबई ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : गत दिनों मुंबई के मीरा रोड स्थित शिवार गार्डन में संपन्न हुए ग्रीन सिनेमा अवार्ड 2022 में बेस्ट भोजपुरी फिल्म निर्माता के रूप में दीपक भोजपुरिया को सम्मानित किया गया।इस शो के ऑर्गनाइजर विजय पांडे द्वारा भोजपुरी जगत की तमाम नामचीन हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।वहीं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए भोजपुरी जगत के कलाकारों ने भी बढ़ चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभिनेता प्रदीप पांडे चिंटू और नायिका काजल रघवानी के साथ प्रोड्यूसर प्रदीप शर्मा,किशन राय, प्राची सिंह, धरम दुबे इत्यादि को भी सम्मानित किया गया।वहीं इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु बॉलीवुड की उभरती लोकप्रिय लेखिका डॉ



सरिता चंद्रा भी उपस्थिति रहीं।दिलचस्प बात यह रही कि कार्यक्रम के समापन तक मुंबई मीडिया ने एक एक गतिविधि को अपने कैमरे में कैद करता रहा।

## स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्रा.वि. बथुआवर ने निकाली रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज शासन के आह्वान पूरे अप्रैल माह चलने वाले स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में ग्राम प्रधान सत्य प्रकाश यादव व एसएमसी अध्यक्ष श्रीप्रकाश राय द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो रैली की शुरुआत की गई। इस दौरान प्रधानाध्यापिका संयुक्ता सिंह विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों के साथ पूरे गांव में रैली निकालकर आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे, पढेंगे पढ़ाएंगे उन्नत देश बनाएंगे, एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा छूटा नारा लगाते हुए पूरे गांव का चक्कर लगाकर बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापिका संयुक्ता सिंह ने बताया कि विद्यालय में कुल 17 नवीन नामांकन हो चुका है शासन की मंशानुसार पूरे महीने नामांकन अभियान चला कर पिछले वर्ष से अधिक नामांकन का लक्ष्य हम लोंगो ने रखा है इसके बाद हम लोग डोर






टू डोर संपर्क करके किसी भी बच्चे को नामांकन से वंचित नही रहने देंगे। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका रीनू मौर्या आशा देवी सुषमा देवी राजकुमारी देवी शुभम पाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जीवन मिट जाता है लेकिन चाहत नहीं मिटती, चाहत सबसे बड़ी भिखारी है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पड़ोसी देश : भीषण है श्रीलंका का संकट

श्रीलंका के मौजूदा विदेशी मुद्रा भंडार केवल एक महीने के सामान आयात के भुगतान के लिए पर्याप्त हैं। नतीजतन उसने मदद के लिए भारत और चीन से संपर्क किया। भारत द्वारा श्रीलंका को दी गई एक अरब डॉलर की क्रेडिट लाइन के तहत 40,000 टन डीजल ले जाने वाला जहाज श्रीलंका पहुंच गया है। यह बताया गया है कि कोलंबो ने आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए भारत से एक अरब डॉलर अतिरिक्त क्रेडिट लाइन की मांग की है।

भारत के पड़ोस में एक साथ सामने आए दो संकटों के कारण भले अलग–अलग हों, लेकिन उनका नतीजा एक है। पाकिस्तान में मुख्यधारा की दोनों वंशवादी राजनीतिक पार्टियों से ऊबी वहां की सर्वशक्तिमान सेना ने लोकप्रिय क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान पर दांव लगाया था। लेकिन पाकिस्तानी सेना का वह प्रयोग विफल हो गया, जिसके चलते वहां राजनीतिक उथल–पुथल और आर्थिक संकट गहरा गया। इमरान खान ने सत्ता में बने रहने के लिए सांविधानिक मानदंडों का उल्लंघन किया और डोनाल्ड ट्रंप की तरह अवज्ञा का परिचय दिया। अब उन्हें सुप्रीम कोर्ट की जांच का सामना करना पड़ रहा है।

श्रीलंका में, जो अपने शक्तिशाली लोकतंत्र और भारत–पाकिस्तान की तुलना में मानव विकास के पैमाने पर बेहतर होने का गर्व करता है, जनता ने एक ही परिवार के पक्ष में मतदान किया था, जिसके पांच सदस्य सत्ता में शीर्ष पदों पर आए। पहले से ही वहां की सुस्त अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन ने एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट को जन्म दिया, जिसके चलते अब राजनीतिक पतन अनिवार्य हो गया है। रविवार रात वहां पूरे मंत्रिमंडल ने इस्तीफा दे दिया, सिर्फ राजपक्षे बंधु–राष्ट्रपति गोतबाया और प्रधानमंत्री महिंदा पद पर बने हुए हैं। स्थिति सुधारने के लिए लिए वयोवृद्ध वित्त मंत्री बासिल रोहाना राजपक्षे को मंत्रिमंडल से निकाला गया, जिन्हें अर्थव्यवस्था की बर्बादी के लिए जनता के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है।

आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी, कीमतों में तेज वृद्धि और बिजली कटौती के साथ श्रीलंका वर्ष 1948 में ब्रिटेन से आजादी के बाद की सबसे भयावह मंदी का सामना कर रहा है। भारत द्वारा आपातकालीन आपूर्ति और भारत, चीन से ऋण और आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मदद थोड़े समय के लिए कोलंबो को आर्थिक संकट से बचने में मदद कर सकती है। पर यह तभी संभव होगा, जब राजपक्षे परिवार की फिजूलखर्ची पर अंकुश लगे। राजपक्षे परिवार, जिसकी गलत नीतियों के कारण आज यह स्थिति बनी, इस राजनीतिक तूफान को शांत कर पाएगा या नहीं, यह तो निकट भविष्य में ही पता चलेगा।

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पहले से ही अप्रैल, 2019 में चर्च में हुए आतंकी हमले के, जिसमें दो सौ से ज्यादा लोग मारे गए थे, सदमे से जूझ रही थी। कोविड–19 ने उसकी कमर ही तोड़ दी। खराब कृषि नीति और गलत समय पर खेती में किए गए नए प्रयोग ने उसकी स्थिति और बदतर कर दी। राजपक्षे परिवार ने अपने भ्रामक आर्थिक फैसलों और उधार ली गई राशि के अपव्यय से इसे और बढ़ा दिया। उनके तौर–तरीकों से ऐसा लग रहा था, मानो कोई उनसे सवाल करने वाला नहीं है।

सबसे बुरी बात यह थी कि आने वाली आपदा से निपटने के लिए सरकार के पास कोई योजना ही नहीं थी। ऐसे में यह संकट अपरिहार्य था। 2.2 करोड़ लोगों वाला यह द्वीपीय राष्ट्र दूध और ब्रेड जैसी बुनियादी जरूरतों की भारी कमी और लोगों की लंबी कतारों का सामना कर रहा है। प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर कोलंबो ने संकट और बढ़ा दिया है। राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे की अपील पर वहां सर्वदलीय सरकार बनी है और नए मंत्रियों ने शपथ ली है।

पिछले शनिवार को हुई हिंसा के मद्देनजर राजधानी कोलंबो में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया और सरकार ने सुरक्षा बलों को व्यापक अधिकार देते हुए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी थी। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध ने संचार और मीडिया को प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री महिंदा के बेटे नमल ने, जो युवा एवं खेल मंत्री भी हैं, ब्लैक आउट को पूरी तरह से अनुपयोगी बताया, लेकिन उनके इस बयान से लोगों को शायद ही सांत्वना मिले। श्रीलंका अनेक समस्याओं से जूझ रहा है।

मसलन, खाद्य पदार्थों की कीमत सिर्फ मार्च में ही 25 फीसदी बढ़ गई। आसमान छूती महंगाई, सरकार की कमजोर वित्तीय स्थिति, गलत समय पर कर में कटौती और कोविड–19 महामारी ने राजस्व पैदा करने वाले पर्यटन उद्योग तथा विदेशों से आने वाले धन पर प्रतिकूल असर डाला। इससे पिछले कुछ महीनों में अर्थव्यवस्था की स्थिति बदतर हो गई है। जनवरी, 2020 से देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 70 फीसदी गिरकर फरवरी तक लगभग 2.3 अरब डॉलर रह गया।

श्रीलंका के मौजूदा विदेशी मुद्रा भंडार केवल एक महीने के सामान आयात के भुगतान के लिए पर्याप्त हैं। नतीजतन उसने मदद के लिए भारत और चीन से संपर्क किया। भारत द्वारा श्रीलंका को दी गई एक अरब डॉलर की क्रेडिट लाइन के तहत 40,000 टन डीजल ले जाने वाला जहाज श्रीलंका पहुंच गया है। यह बताया गया है कि श्रीलंका के नई दिल्ली के साथ एक अरब डॉलर की क्रेडिट लाइन पर हस्ताक्षर करने के बाद, कोलंबो ने आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए भारत से एक अरब डॉलर अतिरिक्त क्रेडिट लाइन की मांग की है।

क्रेडिट लाइन के अलावा भारत ने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका को 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा स्वैप और 50 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन ईंधन खरीद के लिए दी थी। चीनी तब तक ऋण नहीं देते, जब तक कि यह निवेश का हिस्सा न हो। श्रीलंका ने चीन से कहा है कि वह वित्तीय संकट से निपटने में मदद करने के लिए अपने ऋण भुगतान का पुनर्गठन करे। श्रीलंका चीन के साथ 2.5 अरब डॉलर की ऋण सहायता के लिए भी बातचीत कर रहा है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चीनी बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) के हिस्से के रूप में श्रीलंका को भारी निवेश और ऋण मिला, जिससे वह कर्ज के जाल में फंस गया है। लेकिन उनका कहना है कि श्रीलंका की आर्थिक दुर्दशा के लिए चीन एक कारण है, पर श्रीलंका की मौजूदा बदहाली के लिए सिर्फ वह जिम्मेदार नहीं है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि द्विपक्षीय सौदों के बावजूद श्रीलंका को या तो अपने कर्ज का पुनर्गठन करना होगा या राहत के लिए आईएमएफ से संपर्क करना होगा। आईएमएफ के दरवाजे पर दस्तक देने से इनकार करने के बाद राजपक्षे सरकार ने हाल में कहा कि वह संकट से निकलने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्था से बातचीत शुरू करेगी। लेकिन आईएमएफ की सहायता भारी शर्तों के साथ मिलती है और इसमें समय लगता है। श्रीलंका को इस संकट में उबरने में, जाहिर है, लंबा वक्त लगेगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# प्राथमिक विद्यालयों से ज्ञान प्राप्त कर बच्चों को आगे बढ़ने की क्षमता मिलती है:– मुख्य सचिव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय हरदोई, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर ने आज ब्लाक भरावन के संविलियन विद्यालय अतरौली में आयोजित कार्यक्रम में गार्ड आफ आनर की सलामी लेने के बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक, शिक्षकाओं आदि को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा अनुसार घर–घर सर्वे कर अधिक से अधिक बच्चों का नामाकंन प्राथमिक विद्यालयों में करायें। उन्होने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और प्राथमिक विद्यालयों से ज्ञान प्राप्त कर बच्चों को आगे बढ़ने की क्षमता मिलती है, इसलिए समस्त प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं जनप्रतिनिधि एक–एक विद्यालय को गोद लेकर उन विद्यालय की आधार भूत जरूरतों को पूरा करा कर उन्हें आर्दश विद्यालय के रूप में विकसित करायें। मुख्य सचिव ने विगत वर्षो में स्कूल चलों अभियान एवं आपरेशन कायाकल्प के तहत जनपद में करायें गये कार्यो की सराहना करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिस प्रकार विगत वर्षो में जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृट कार्य कराये गये है उन्हें भविष्य में और आगे बढ़ायें तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शतप्रतिशत बच्चों का नामाकंन विद्यालयों में कराना सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि स्कूल चलो अभियान 04 से 30 अप्रैल 2022 तक चलेगा और इस दौरान सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य प्रति माह बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक करें और बच्चों की शिक्षा के प्रति की जा रही गतिविधियों के बारे में विचार विमर्श करें तथा बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के प्रति प्रेरित करें। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य सचिव को बताया कि आपरेशन कायाल्प के तहत जनपद 3446 परीषदीय विद्यालय है जिनमें से 407 संविलियन विद्यालय संचालित है जिसमें लगभग सभी विद्यालयों में चाहरदीवारी, शौचालय, पेयजल, विद्युत, खेल मैदान, किचन शेट, रसोई घर तथा इंटर लाकिंग आदि कार्य लगभग पूर्ण है और शेष कार्यो को जिलाधिकारी महोदय के सहयोग से शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा तथा एचसीएल कंपनी के माध्यम से विद्यालयों टीवी आदि की व्यवस्थायें कराकर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण



सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर एचसीएल प्रोजेक्ट योगेश कुमार ने बताया कि विगत वर्षो में कंपनी द्वारा जनपद के लगभग 900 विद्यालयों में इंगलिस मीडियम से बच्चों को पढ़ाने हेतु टीवी की व्यवस्था की गयी है और इस वित्तीय वर्ष में एक हजार विद्यालयों को यह सुविधा प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने मुख्य सचिव का आभार व्यक्त करते हुए आश्वसन दिया कि सरकार की मंशा एवं लक्ष्य अनुरूप जनपद में सभी बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन कराया जायेगा और सभी अधिकारियों द्वारा एक–एक विद्यालय को गोद लेकर आधार भूत सुविधायें उपलब्ध करायी जायेगी। इससे पूर्व मुख्य सचिव ने संविलियन स्कूल में नामांकन कराने वाले बच्चों में गौरी, लक्ष्मी, शिवांगी आदि को स्कूल बैग, कापी–किताब, जूते–मोजे एवं ड्रेस प्रदान की तथा विगत वर्षो में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधान, अध्यापक एवं प्रेरक को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा विद्यालय का भ्रमण कर बालक एवं बालिकाओं के शौचालय, पेयजल, विद्युत आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा एक क्लास में जाकर बच्चों से सुबह होने वाली प्रार्थना करायी और प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्य सचिव को तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सचिव बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, ग्राम प्रधान, शिक्षक–शिक्षकायें, अभिभावक, बच्चें, एचसीएल कंपनी से निधि, मानवेन्द्र, अमित तथा गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे।

# मनोज प्रजापति ने मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से भेंट कर उन्हें दी बधाई

आर एल पाण्डेय मुरादनगर। श्रम एवं सेवायोजन के अध्यक्ष ठाकुर रघुराज सिंह के संरक्षण में चल रही संस्था उत्थान एक नई पहल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज प्रजापति के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने नगर विकास. शहरी समग्र विकास. नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन ऊर्जा अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से भेंट कर उन्हें बधाई देते हुए संस्था के द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर बताया कि किस तरह से महिला संगठन तथा अन्य माध्यमों से लोगों की मदद की जा रही है। मनोज प्रजापति ने दैनिक वीर अर्जुन प्रतिनिधि मुकेश सोनी को बताया कि उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा



करते हुए गरीबी से जूझ रहे लोगों की तरह से मदद का आश्वासन देते हुए कार्य सूची बनाने के लिए कहा है।

# राष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जिले को 3 पदक

जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि प्रत्यान्शु तिवारी : कानपुर देहात के माती स्टेडियम में 1 से 3 अप्रैल को पांचवीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप सम्पन्न हुई जिसमें जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाना छेत्र के तीन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था वहीं तीनो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड व दो खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा जमाया। जिसमें नयनसण्ड से यश राय पुत्र संतोष राय गोल्ड मेडल व सुमित राय पुत्र संतोष कुमार राय सिल्वर मेडल ये दोनों खिलाड़ी सुप्रभात चिल्ड्रेन अकादमी नयनसण्ड के छात्र हैं सौरभ अग्रहरि पुत्र सतीष अग्रहरि गौराबादशाहपुर सिल्वर मेडल ,ये निर्मला देवी पॉलीटेक्निक



कॉलेज नयनसण्ड के छात्र है इन खिलाड़ियों के अपने गृह आगमन पर ग्रामवासियो ने जोरदार स्वागत किया वहीं जौनपुर ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अरविन्द सिंह व सचिव/कोच संजय पाल ने इन खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण में पीएचसी गद्दोपुर का ताला बंद मिला

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह मंगलवार सुबह 8.30 बजे निरीक्षण करने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महाराजगंज अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) गद्दोपुर पहुंचीं। उस समय तक पीएचसी का ताला बंद था। अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित थे। सीएमओ के पहुंचने की सूचना मिलते ही डॉक्टर और कर्मचारी थोड़ी देर में पहुंच गए और ताला भी खोला। समय से न पहुंचने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई और सभी को समय से उस्थित रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगली बार इस तरह की लापरवाही पकड़ी जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ बृजेश सहित अन्य कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकते हुए देर से उपस्थित होने के बारे में स्पष्टीकरण मांगा। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर चेक कर दवाइयों की उपलब्धता की परख की। कुछ दवाइयों की कमी दिखने का कारण पूछा। बताया गया कि कुछ दिन पहले लगे स्वास्थ्य मेले में भेजी जाने से दवाइयां कम हुईं हैं जिन्हें शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने सात अप्रैल से शुरू होने वाले मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में भी पूछताछ की। तैयारियों से संतुष्ट होने के बाद कोविड टीकाकरण तथा रूटीन टीकाकरण के बारे में भी जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद वह 9.30 बजे पीएचसी राजा बाजार पहुंच गईं। वहां सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। बताया गया कि अधीक्षक पीजी करने गए हैं। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। महराजगंज के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ ओंकार भारती का कहना है कि गद्दोपुर के डॉ बृजेश को कल (सोमवार) मीटिंग के लिए बुलाया गया था। आज (मंगलवार) वह वापस जा रहे थे लेकिन महराजगंज में इमरजेंसी आ गई। इसलिए उन्हें कुछ देर रुकना पड़ा और 10–15 मिनट पहुंचने में देरी हुई।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चंद्र त्रिवेदी का हुआ भव्य स्वागत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अखिल भारतीय साहित्य परिषद की हरदोई इकाई द्वारा स्थानीय आरआर इंटर कॉलेज के सभागार में 'नवसंवत्सर पर एक बृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जननिर्वाचित राष्ट्रीय अधास डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेरी 'मधुपेश' का भव्य नागरिक अभिनन्द हुआ। डॉ. त्रिवेदी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर बोलते हुए परिषद की स्थान मन्त्री डॉ. (श्रीमती) शीला पाण्डेय ने कहा कि त्रिवेदी जी अल्लीपुर महाविद्यालय के प्रबन्धक, प्रदेश के कई बहावों के संचालक व ऐसे ही अनेक सामाजिक सेवा से जुड़े विद्वान् समर्पित हैं। कार्यक्रम के इस अवसर पर सम्मान साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामन्त्री डॉ. पवन पुत्र शादल, प्रदेश संयुक्त महामन्त्री डॉ. शिवमंगल सिंह 'मंगल', अवध प्रान्त के अध्यक्ष विजय उपाध्यक्ष उमेश शुक्ल, सहमहामन्त्री डॉ. डी. प्रचार मन्त्री सर्वेश पाण्डेय विधि, हरदोई इकाई के अध्यात स्वरूप पाण्डेय महामन्त्री डॉ. ईश्नर चन्द्र वर्मा मंच पर उपस्थित रहे अभिनन्दन में जनपद की प्रमुख संस्थाओं के अध्यक्षों द्वारा निवे माल्यार्पण किया गयाय अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, सम्मान पाम, पुस्तक–नेटभेट किए गए। इस विस्तृत कार्यक्रम में जनपद के



राष्ट्रीय स्वयं सेवक सं बजरंगदल, विश्व हिन्दू परिषद, विद्वत्परिषद, अल्लीपुर महाविद्यालय स्टाणव 'संवेदना' संस्था सदस्यों सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भारतीय परिप्रेक्ष्य में 'नवसंवत्सर' के माहात्म्म परोहास्वरूप पण्डिम, डॉ. ईश्वर चन्द्र वर्मा, डॉ. पवन पुत्र बादल, डॉ. शिवमंगल सिंह 'मंगल' विजय त्रिपाठी ने विस्तार से अपने विचार रखे। मंच संचालन अवध प्रान्त के मन्त्री सुशील कुमार वर्मा ने किया। डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय साहित्य परिक्षा को उन्नति के शिखर पर ले जाने का आवाहन किया। समापन राष्ट्रगीत से हुआ।

# पैसा लेकर कानूनगो द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा का आरोप

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कहा जाता है कि जानवरों से तो अपने खेत की सुरक्षा कर सकते हैं, लेकिन जब मेड़ ही खेत चरने लगे तो भला कौन क्या कर सकता है । यही कहावत चरितार्थ किया है लम्भुआ तहसील क्षेत्र में तैनात लेखपाल/कार्यवाहक कानूनगो राकेश कुमार चौबे ने । लम्भुआ तहसील में तैनात कुख्यात राकेश कुमार चौबे ने क्षेत्र के बालमपुर गांव में स्थित गाटा संख्या 647 जो 63 एआर क्षेत्रफल में है और शमशान खाते में दर्ज है ।लेकिन केस में दर्शायी गई उसी की चौहद्दी दिखाकर गाटा संख्या 644 पर पुलिस बल ले जाकर बंजर खाते में दर्ज जमीन पर कब्जा करा दिया है । बताते हैं कि जिस सरकारी जमीन की सुरक्षा की जिम्मेदारी कानूनगो /लेखपाल राकेश कुमार चौबे और अन्य राजस्व कर्मचारियों का है, वही राकेश कुमार चौबे रविवार को कोतवाली देहात की पुलिस को गुमराह करते हुए बालमपुर पहुंच कर उपरोक्त सरकारी जमीन पर गांव के ही सरहंग जगन्नाथ वर्मा को पुलिस की मौजूदगी में पिलर गड़ा कर कब्जा करा दिया । गौरतलब है कि यही कुख्यात राकेश कुमार चौबे ग्राम बालमपुर में बतौर लेखपाल तैनाती के दौरान 24 फरवरी 2016 को इसी गाटा संख्या को शमशान की जमीन दिखाते हुए गांव के राम समुझ, विजय कुमार,स्वामीनाथ , रतीपाल और सुखराम के खिलाफ कोतवाली देहात में धारा – 2/3 के तहत केस दर्ज कराया था । यहां यह भी बताना समीचीन है कि लेखपाल/कानूनगो राकेश चौबे के विरुद्ध एक दिन पहले ही यानी शनिवार को ग्रामीणों ने डीएम रवीश कुमार से मिलकर शिकायती पत्र दिया है । जिसमें लिखा है कि राकेश चौबे ने जगन्नाथ वर्मा आदि को गाटा संख्या 328 नवीन परती एवं चकमार्ग संख्या 323 पर कब्जा करा दिया है । ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने कानूनगो/लेखपाल राकेश चौबे के विरुद्ध जांच करने और कार्यवाही करने का आदेश दिया है । इस संबंध में एसडीएम लम्भुआ महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है । सोमवार को कार्यालय खुलने पर दोषी कांनूनगो पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# स्मार्ट लाइट शोरूम व विशाल भण्डारे में शामिल हुये उप–मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊः स्नाइडर इलेक्ट्रिक इण्डिया प्रा0लि0 एवं स्मार्ट लाइट लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में 'एक्सपीरियन्स जोन एवं शोरूम' का उद्घाटन लखनऊ के गोमती नगर के विभूति खण्ड में किया गया। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उप–मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शोरूम व भण्डारे में शामिल हुये। इससे पहले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकुल सिंहल, अध्यक्ष राजस्व परिषद ने फीता काटकर 'एक्सपीरियन्स जोन एवं शोरूम' का शुभारम्भ किया। समारोह की अध्यक्षता लखनऊ के जाने–माने शिक्षाविद् व सीएमएस संस्थापक डा0 जगदीश गांधी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार पं0 हरि ओम शर्मा 'हरि' स्नाइडर के नेशनल मार्केटिंग हेड दीपक वाराणसी, स्नाइडर के उ0प्र0 व राजस्थान के प्रभारी पवन चौहान, स्नाइडर इलेक्ट्रिक इण्डिया प्रा0लि0 के अन्य पदाधिकारी सहित कई गणमान्य अतिथि, प्रशासनिक अधिकारी व वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। प्रख्यात साहित्यकार व वरिष्ठ पत्रकार पं0 हरि ओम शर्मा 'हरि' के सौजन्य से इस अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। पूजन–अर्चन एवं आरती के बाद भण्डारे का विधिवत शुभारम्भ हुआ जो देर रात तक चला। मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने भण्डोर





में शामिल होकर मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इससे पूर्व सुमधुर गीतों व भजनों के बीच समारोह का विधिवत शुभारम्भ हुआ। वाद्ययंत्रों की मनमोहक ध्वनि के साथ माता–पिता की आरती सभी के प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रही। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि उप–मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शोरूम की स्थापना हेतु बधायी दी। विशिष्ट अतिथि मुकुल सिंहल ने कहा कि यह एक्सपीरियन्स शोरूम लखनऊ वासियों के लिये एक अनुपम उपहार है।

# निर्दयी सासु मां ने बेटा और बहू को किया घर से बेघर

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमारः खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खुटभार के रहने वाले स्वर्गीय विंध्याचल पाठक ने तीन शादियां की थी पहले बीवी से कोई बच्चा नहीं था दूसरी बीवी से एक बेटा लक्ष्मण और एक बेटी हुई वही तीसरी बीवी सें पुष्पा पाठक से 4 बेटी और एक बेटा है आए दिन प्रॉपर्टी को लेकर दूसरी बीवी के लड़के लक्ष्मण पाठक 38 वर्ष व प्रियंका से सौतेली मा पुष्पा पाठक व उनकी लड़कियां मारपीट करती हैं। प्रियंका पाठक ने बताया हमारे ससुर की मानसिक संतुलन ठीक नहीं था जिसके चलते हमारी सास पुष्पा पाठक ने हमारे ससुर से फर्जी बैनामा करा लिया और उनके मृत्यु के बाद जब हम प्रॉपर्टी में हिस्सा मांगने लगे तो हमारे साथ मारपीट करते हैं। जब इसकी शिकायत हम खजनी थाने में किए तो पुष्पा पाठक को बुलाया गया साथ में उनकी 4 लड़कियां भी आई इस संबंध में खजनी पुलिस ने दोनो पक्षों को थाने में बुलाया था जहां दोनो पक्षों थाने में मौजूद होकर अपनी अपनी फरियाद कर रहे थे,तभी पुष्पा पाठक और उनकी लड़कियां उग्र हो गई और सड़क



पर जाकर लेट गई। मौके पर सी ओ अनिल कुमार सिंह के समझाने के बाद मामला शांत हुआ। लक्ष्मण पाठक ने बताया प्रापर्टी में हिस्सा मांग रहा हु ।लेकिन सौतेली मां पुष्पा पाठक प्रापर्टी में कुछ भी देने को तैयार नहीं है। आखिर हम और हमारी बीवी हमारे दो बच्चे कहां जाएं किससे न्याय मांगे। प्रियंका पाठक ने बताया कि हम मायके गए थे अपने कमरे में ताला मार कर कमरे में मेरा सामान और कुछ जेवर है लेकिन हमारी सास मकान में घुसने नहीं दे रही है आखिर अपने बच्चों को मिलेगी कहां दर–दर भटके। क्षेत्राधिकारी ने बताया जमीन जायदाद के बटवारे को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

# जनप्रतिनिधियों के हितो की सुरक्षा को प्राथमिकता : बृजेश सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी बृजेश सिंह प्रिंशू ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के हितो की सुरक्षा करना उनकी प्राथमिकता होगी। उनके हक के लिए विधान परिषद में आवाज उठायी जायेगी। जनता के गाढ़ी कमाई के धन का सदुपयोग कराया जायेगा। उक्त बातें सोमवार को कलेक्ट्रेट के निकट पुष्पदीप उत्सव स्थल में अपने चुनाव कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में कही। उन्होने आगे कहा कि अपने पिछले विधान परिषद के 6 साल के कार्यकाल के दौरान अपने निधि का शत–प्रतिशत जनहित के कार्यो के खर्च किया। पेयजल, चिकित्सा, विद्युतीकरण, के कार्यो को गति दिया। अनेक गरीबों के गंभीर बीमारियों में उनका इलाज और आपरेशन कराया। उन्होने कहा कि अपना कीमती मत देकर विधान परिषद में पहुंचाने वाले सदस्यों के हितो को ध्यान दिया। सीमित संसाधनों वाले विद्यालयों के विकाय में धन दिया। इसके अलावा कम लागत की सड़कों और खड़न्जों का भी निर्माण कराया। उन्होने कहा कि कोविड काल में भाजपा कार्यकर्ता लगातार कार्य करते रहे। प्रतिदिन 10 गरीबों को बना बनाया भोजन और अन्य आवश्यक सामनों की पूर्ति करायी गयी। अस्पतालों मे उपकरण एवं आवश्यक सामानों की व्यवस्था करायी गयी। गरीबों के दुख दर्द को सुनकर उन्हे दूर कराने का हर संभव प्रयास किया। उन्होने आगे कहा कि यद्यपि वे पहले बसपा के विधान परिषद सदस्य थे लेकिन वहां आंतरिक लोकतंत्र न होने से समय–समय पर भाजपा सरकार के सहयोग में हर कदम बढ़ाया इसकी वजह से उन्हे भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया। अगर मुझे फिर से सेवा का मौका मिला तो मेरा दरवाजा जौनपुर की जनता के हमेशा खुला रहेगा। जौनपुर जिले में जितने ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सभासद, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला



पंचायत सदस्य, विधायक और सांसद है सभी भाजपा के पक्ष में बहुत ही प्रचण्ड बहुमत से जिताने के लिए तत्पर है। पार्टी के नेता कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से इस चुनाव प्रचार में लगे हुए है। उन्ह्योंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने मिलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता के लिए ईमानदारी और प्रतिबद्धता से काम किया है समग्र विकास, प्रदेश की पहचान, आस्था के सम्मान, महिलाओं, बहन – बेटियों की सुरक्षा, युवाओं के रोजगार व्यापारियों की सुरक्षा और अन्नदाता किसानों की खुशहाली समेत समाज के हरेक तबके को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ पहुंचाने के जो सफल कार्य हुए उनका सुखद परिणाम चुनाव में भी देखने को मिलेगा। भाजपा की पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने का काम किया था जिस पर जनता ने विश्वास कर दूसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाया है। हम सभी को पूरा भरोसा है कि योगी 2.0 में उत्तर प्रदेश विकास का नया इतिहास लिखेगा। भाजपा की सरकार में पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान सुरक्षित है ।इसलिये इस निकाय चुनाव में हम भारी मतों से विजयी होंगे। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक जौनपुर निकाय चुनाव सुनील तिवारी, जिला महामंत्री एवं जिला संयोजक मछलीशहर निकाय चुनाव मनोज दुबे, जिला मीडिया प्रभारी आमोद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# थाना बक्शा पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, तंमचा कारतूस बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बक्शा दिव्य प्रकाश सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित चेकिंग संदिग्ध वाहन व व्यक्ति के मामूर थे कि सलारपुर पेट्रोल पम्प के आगे सघन चेकिंग के दौरान अपाची सवार तीन लड़के तेजी से भागना चाहे कि सलारपुर पेट्रोल पम्प के सामने नौपेड़वा रोड पर दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया एक व्यक्ति भागने में सफल रहा । पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से 01 चोरी व टैम्परिंग इंजन व चेसिस नम्बर की अपाची मो0सा0 बरामद हुआ व दोनों व्यक्तियों के कब्जे से 02 अवैध तमन्चा व 02 कारतूस क्रमशः 315 बोर व 303 बोर बरामद हुआ । पूछताछ में बताये कि हम लोग घूम घूमकर पर्स व मोबाइल व चौन छीन लेते हैं। आज भी हम लोग इसीलिये निकले थे कि पकड़ लिये गये । अभियुक्तगण को थाने लाकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण– 1.शिवा राव पुत्र सुनील कुमार ग्राम चकिया हसनपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 2.कृष्णा सरोज पुत्र कामता सरोज ग्राम सलारपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर । फरार अभियुक्त– 1. दिशान्त पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम नेवादा थाना जलालपुर, जौनपुर। आपराधिक इतिहास– ।– शिवा राव पुत्र सुनील कुमार ग्राम चकिया हसनपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0



100/22 धारा 419/420/467/468/471/411 भा0द0वि0 थाना बक्सा,जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 101/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्सा, जौनपुर । ठ– कृष्णा सरोज पुत्र कामता सरोज ग्राम सलारपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 100/22 धारा 419/420/467/468/471/411 भा0द0वि0 थाना बक्सा,जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 102/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्सा,जौनपुर। बरामद माल का विवरण– 1.चोरी की 01 मोटरसाइकिल अपाचे। 2. एक अवैध देशी तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर । 3. एक अवैध देशी तमन्चा 303 बोर व एक जिन्दा कारतूस 303 बोर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.श्री दिव्य प्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष थाना बक्शा जौनपुर। 2.उ0नि0 मनोज कुमार सिंह थाना बक्शा जौनपुर। 3.उ0नि0 गोपालजी तिवारी थाना बक्सा जनपद जौनपुर। 4.हे0का0 माधव सिंह, हे0का0 अखिलेश सिंह थाना बक्सा जनपद जौनपुर।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को दिये जायेगें राज्य स्तरीय पुरस्कार

जौनपुर सू.वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 के अनुक्रम में जनपद में निवासरत व्यक्तियों को अवगत किया जाता हे कि प्रत्येक वर्ष की भॉति विश्व दिव्यांग दिवस (3 दिसम्बर 2022) के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जायेगें। उक्त के निमित्त विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली– 2017 जारी की गयी हे। नियमावली में दी गयी व्यवस्थानुसार आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाने है। राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली– 2017 के अन्तर्गत पुरस्कार हेतु श्रेणियॉ निर्धारित है – दक्ष दिव्यांग कर्मचारीध्स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ट प्लेसमेंट अधिकारी या एजेन्सी के लिए सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन के लिए निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणा स्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के लिए निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को पुर्नवास सेवाएं प्रदान करने वाला सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल बेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने अवगत कराया है कि आवेदक निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र पूर्ण से भरकर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कार्यालय विकास भवन जौनपुर में जमा करें, जिससे कि अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

# केंद्राध्यक्ष और सचल दस्ते ने किया आईबीएम परीक्षा कक्षों का सघन निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आईबीएम केंद्र पर सोमवार को परीक्षा सम्पन्न हुई । केंद्राध्यक्ष डॉ रसिकेश, प्रो. अजय द्विवेदी, सहायक केंद्राध्यक्ष सुशील कुमार, विनय वर्मा, प्रमेन्द्र विक्रम सिंह और प्रभाकर सिंह के अलावा सचल दस्ते में डॉ



सुनील कुमार और डॉ नृपेंद्र सिंह के दल ने सभी कक्षों में दौरा किया और छात्रों को उनके प्रश्नपत्रों को सावधानी से पढ़ने का निर्देश दिया ताकि वे त्रुटिवश परीक्षा का गलत प्रश्नपत्र न हल करें। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के निर्देश पर परीक्षा में तैनात प्राध्यापकों ने ये सूचना प्रत्येक कक्षाओं में प्रसारित किया। परिसर की परीक्षाएं अपनी समाप्ति की ओर अग्रसर हैं और विश्वविद्यालय जल्द से जल्द नया सत्र शुरू करने के प्रयास में है ताकि सत्र को यथासम्भव नियमित किया जा सके। परीक्षा व्यवस्था में अनुपम कुमार, राजेश कुमार, श्रुति श्रीवास्तव, मनोज त्रिपाठी, अलका सिंह और प्रियम सेठ आदि का महत्वपूर्ण योगदान है।

# प्रतापगढ़ में राजस्व कर्मी की मौत पर तहसील कर्मचारियों में आक्रोश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ जौनपुर के आह्वान पर प्रतापगढ़ के लालगंज तहसील में मारने से घायल कर्मचारी की हुई मौत से आक्रोशित तहसील कर्मचारियों ने सभी न्यायालयों,कार्यालयों में तालाबन्दी कर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया ।अपनी मांगों से सबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा है। कर्मचारियों नें मांग किया कि प्रतापगढ़ जनपद के लालगंज तहसील के नायब नाजिर सुनील कुमार शर्मा की एस डी एम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह यादव द्वारा पीट पीटकर हत्या करने के आरोपी की गिरफ्तारी व बर्खास्तगी की मांग किया ।पीड़ित परिजनों को एक करोड़ मुआबजा दिया जाय ।बैठक की अध्यक्षता तहसील के सँगठन मंत्री सूरज कुमार सोनी ने किया। उक्त मांग के बावत उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपा गया ।धरना प्रदर्शन में एस डी एम के स्टेनो प्रदीप कुमार सिंह,पेशकार विपिन कुमार मौर्य,डब्लू बी एन प्रफुल्ल श्रीवास्तव,अजय कुमार यादव,अयूब सिद्दिकी,अजय कुमार वर्मा,अमीन संघ के जिलाध्यक्ष दारा सिंह,रजिस्ट्रार कानूनगो हरि नाथ मौर्य ,वीरेंद्र कुमार चौधरी सहित तहसील के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला के गले से चैन स्नेचिंग करते एक महिला को रंगे हाथ लोगों ने पकड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नेवढ़िया थाना से महज 400 मीटर दूर नेवढ़िया बाजार स्थित शीतला धाम में सोमवार सुबह लगभग नौ बजे एक महिला दर्शन करने आई थी महिला के गले से सोने का चौन उड़ाते समय रंगे हाथ एक महिला पकड़ी गई,महिला की धाम परिसर में मौजूद लोगों ने पहले जमकर दैहिक समीक्षा किया उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया ।वही पुलिस महिला को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के अनुसार,शीतला धाम नेवढ़िया में सोमवार सुबह वाराणसी जिला के तरसड़ा(कठिराव)गाँव की दुर्गावती देवी आधा दर्जन महिलाओं के साथ दर्शन करने आई थी दर्शन के लिए महिलाएं जब कपाट के अंदर पहुची तो एक महिला ने दुर्गावती के गले से सोने के चौन को खिंच लिया ।चौन खीचते ही साथ कि महिलाओं ने महिला को पकड़ लिया और जोर जोर से चिल्लाने लगी देखते देखते सैकड़ो लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई ।मौजूद लोगों ने पहले चोर महिला का जमकर दैहिक समीक्षा किया उसके बाद धाम में पहले से तैनात पुलिसकर्मी को सौप दिया ।वही एक दसक से हर वर्ष दर्शनार्थियों के गले से चौन उड़ाकर स्नेचर गायब होने में सफल हो जाते थे,ऐसा पहली बार हुआ है कि चोर पकड़ा गया है जिससे स्थानीय लोग आक्रोशित थे ।वही पुलिस थाने लाकर पुलिस ने महिला से कड़ाई से पूछताछ किया तो महिला ने अपना नाम रेखा देवी निवासी हिरावनपुर थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी के रूप में बताया है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप ने बताया कि पीड़ित महिला कोई कार्यवाही नही चाहती है और ना ही महिला ने कोई लिखित तहरीर दिया है उसके बाद भी कार्यवाही करते हुए आरोपी महिला का 151 में चालान कर दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन परीक्षार्थी बुरी तरह घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर खुर्द गांव के पास आज सोमवार को परीक्षा देने जा रहे एक ही बाइक पर सवार तीन परीक्षार्थी मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर पड़े ।तेज गति में गिरने से तीनो को गम्भीर चोटे आ गयी। घायल परीक्षार्थियों में एक का ट्रामा सेंटर बीएचयू में इलाज चल रहा हैं जबकि अन्य दो को जौनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार की सुबह एक ही बाइक पर सवार तीन परीक्षार्थी यूपी बोर्ड की परीक्षा देने जनता इण्टर कालेज रतनूपुर जा रहे थे ।जैसे ही वह सुबह 7 बजे थानागद्दी मोढ़ेला मार्ग पर शिवरामपुर खुर्द मोड़ के पास पहुचे ।तेज गति के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी ।इस सड़क हादसे में बुरी तरह घायलों की पहचान आर्यन सिंह16 वर्ष,आकाश सिंह15 वर्ष निवासी टंडवा और सिद्धार्थ सिंह15 निवासी खर्गसेनपुर के रूप में हुई। सभी के सिर में गंभीर चोट देख आसपास के लोगो ने रतनूपुर बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया । तीनो घायल परीक्षार्थियों की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर जौनपुर रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सक ने सिद्धार्थ सिंह की हालत बेहद गंभीर देख ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया। दो घायलों का उपचार जौनपुर में एक निजी अस्पताल में चल रहॉ है ।तीनो की जहां परीक्षा छूट गयी वही परिवार के लोग उनकी सेहत को लेकर चिंतित है।

# खुलेआम उड़ाई जा रही हैं आदेश की धज्जियां

गोरखपुर ख़जनी ब्यूरो रवि कुमारः खजनी तहसील अंतर्गत ग्रामसभा क्षड़ियां में खुलेआम जिला अधिकारी का आदेश का धज्जियां उड़ाई जा रहे



हैं खजनी थाना क्षेत्र के क्षड़ियां, नटनी, कुआं और तमाम जगह भूसा वाली मशीन चलाई जा रही हैं।

# विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य के लिए नुजहत अंसारी को राज्यसभा सांसद व राज्यमंत्री ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ''स्कूल चलो अभियान'' के अंतर्गत आज डाइट परिसर जौनपुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉ०गोरखनाथ पटेल जी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव व विशिष्ट माननीय राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी जी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापको को सम्मानित करने के लिए ब्लॉक स्तर से अध्यापको को आमंत्रित किया गया था। करंजाकला ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय प्यारेपुर की अध्यापिका नुजहत अंसारी को विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए माननीय मंत्री गिरीश चंद्र यादव जी व माननीय राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने प्रशस्त्री पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।इस



अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्री०श्रवण कुमार ने नुजहत अंसारी को उनके इस उपलब्धि व सम्मान के लिए बधाई दी। अध्यापक शैलेन्द्र पाल , मनोज यादव, अनिल यादव ने उनको बधाई दी।

# मंदिर पर नशा करने से किया मना नशेड़ियों ने चलाई गोली : तीन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मसीदा गांव में मंगलवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई जब डीह बाबा मंदिर में शराब–गांजा पीने से मना करने पर दो पक्षो में हुई मारपीट में जमकर फायरिंग हुई ।इस दौरान गोली चलने के कारण 3 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों का कहना है कि बगल के गांव से कुछ लोग मंदिर पर शराब और गांजा पीने आते थे। मना करने पर उन लोगों ने गोलियां चला दी। बदमाशों ने शराब गांजा पीने से मना कर रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग को भी गोली मार दी है। पीड़ितों की मांग है कि पुलिस उन अपराधियों का एनकाउंटर करे। सिकरारा थाना क्षेत्र के मसीदा गांव में मंदिर के पास बगल के विसुनपुर गांव के कुछ लोग शराब–गांजा पीने आते थे। गांव वालों को ये बात नागवार लगती थी। ग्रामीणों ने कई बार शराब गांजा पीने वाले लोगों से कहा कि मंदिर पर गांव की बहू–बेटियां जाती हैं। ऐसे में मंदिर पर शराब और गांजा न पिया करें। ग्रामीणों का कहना है जो लोग शराब गांजा पीने आते थे वह बगल के गांव के हैं। मंगलवार की सुबह जब वह लोग मंदिर पहुंचे तो गांव वालों ने इस बात का विरोध किया। ग्रामीणों द्वारा उनको चेतावनी दी गई कि इसकी शिकायत वह पुलिस से करेंगे। 10 से 15 की संख्या में आए लोगों ने कहा कि पुलिस उनकी जेब में है। इसके बाद भी ग्रामीणों ने इस बात का विरोध किया। जैसे ही ग्रामीण नीचे उतरे वैसे ही वहां शराब पीने आए लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी।



गोली लगने के कारण तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में विकास यादव, प्रमोद यादव और मुकेश यादव है। वहीं एक अन्य व्यक्ति को माथे पर मामूली चोट लगी है। शराब गांजा पीने आए लोगों ने इस दौरान 70 वर्षीय बुजुर्ग को भी गोली मार दी है। बुजुर्ग भी वहां पर युवकों को शराब और गांजा न पीने की सलाह दे रहे थे। घटनास्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामल सिकरारा थाना क्षेत्र के मसीदा गांव में डीह बाबा का मंदिर है जहां बगल के विशुनपुर गांव के भी कुछ लड़के अक्सर आते हैं और नशा करते थे जिसका गांव के लड़कों द्वारा विरोध किया गया था इसी को लेकर आज सुबह दोनों पक्षों में विवाद हुआ था क्योंकि मसीदा के डीह बाबा का मंदिर है यहां पर गांव की महिलाएं और लड़कियां लोग बराबर पूजा पाठ करते हैं ।विशुनपुर गांव के लड़के भी आते थे यहां पर आज सुबह इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस हुई थी इस दौरान बिशनपुर के लड़कों द्वारा फायरिंग की गई है जिसमें 2 लोग गोली से घायल हैं और लोग के गोली से घायल की जांच की जा रही है घायल के द्वारा तहरीर पर मामला पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है जो दोषी होंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन 2022 के सम्बन्ध में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन 2022 के सम्बन्ध में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान हेतु व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है। जौनपुर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन–2022 का मतदान 09 अप्रैल 2022 को प्रातः 8.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक संबंधित कुल 22 मतदेय स्थलो पर सम्पन्न होना है तथा मतगणना 12 अप्रैल 2022 को विकास भवन भूतल, जौनपुर में प्रातः 08.00 बजे से प्रस्तावित है। जौनपुर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थल में क्षेत्र पंचायत कार्यालय सुईथाकला में मतदाताओं की संख्या 172, तहसील कार्यालय शाहगंज में 310, क्षेत्र पंचायत कार्यालय खुटहन में 204, तहसील कार्यालय बदलापुर में 215, क्षेत्र पंचायत कार्यालय महाराजगंज में 169, क्षेत्र पंचायत कार्यालय बक्सा में 200, क्षेत्र पंचायत कार्यालय करंजकला में 204, न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर में 141, क्षेत्र पंचायत कार्यालय धर्मापुर में 84, क्षेत्र पंचायत कार्यालय मुफ्तीगंज में 116, तहसील कार्यालय केराकत में 175, क्षेत्र पंचायत कार्यालय डोभी में 153, क्षेत्र पंचायत कार्यालय जलालपुर में 144, क्षेत्र पंचायत कार्यालय सिरकोनी में 151, तहसील कार्यालय मड़ियाहूं में 220, क्षेत्र पंचायत कार्यालय सिकरारा में 169, तहसील कार्यालय मछलीशहर में 222, क्षेत्र पंचायत कार्यालय में सुजानगंज में 203, नगर पालिका परिषद कार्यालय मुंगराबादशाहपुर में 207, क्षेत्र पंचायत कार्यालय बरसठी में 186, क्षेत्र पंचायत कार्यालय रामनगर में 205, क्षेत्र पंचायत कार्यालय रामपुर में 181 कुल मतदाता 4031 है। अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने अवगत कराया कि राज्य की विधान परिषदों के निर्वाचनों में मतों को दर्ज करने के लिए अनुदेश दिए गए है मत देने के लिए मतपत्र के साथ रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिए गए केवल बैंगनी स्केच पेन, जो अबको मतपत्र के साथ दिया जाएगा, का प्रयोग करेंगे। किसी अन्य पेन, पेंसिल, बॉल प्वाइंट पेन या कोई अन्य चिन्ह लगाने वाले उपकरण का प्रयोग नहीं करेंगे, क्योंकि इससे मतपत्र अमान्य हो जाएगा। आपके द्वारा प्रथम अधिमान के रूप में चुने गए अभ्यर्थी के नाम के सामने दिए गए अधिमान क्रम वाले चिन्हित स्तंभ में अंक 1 को लिखकर मतदान करें। इस अंक 1 को केवल एक अभ्यर्थी के नाम के सामने लगाया जाएगा। यदि निर्वाचित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या एक से अधिक हो, तो भी केवल एक अभ्यर्थी के नाम के सामने अंक 1 लिखा जाएगा। अधिमान उतने ही हो सकते हैं, जितने निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी है, चाहे निर्वाचित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या कुछ भी हो उदाहरण के लिए, यदि निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों की संख्या 5 है और केवल 2 को निर्वाचित किया जाना है तो आप अपने अधिमान के क्रम में अपनी पसंद के अभ्यर्थियों के सामने 1 से 5 तक अधिमानों को चिन्हित कर सकते हैं। शेष अभ्यर्थियों के लिए अपने अधिमान के क्रम में बाद के अंक 2, 3, 4 आदि लिखकर ऐसे अभ्यर्थियों के नाम के सामने प्रदान किए अधिमान का क्रम चिन्हित स्तंभ में अंक द्वारा दर्शाकर अपने आगे के अधिमान को दर्शाएं। किसी अभ्यर्थी के नाम के सामने केवल एक अंक दर्शाया जाना सुनिश्चित करें और यह भी सुनिश्चित करें कि एक ही अंक एक से अधिक अभ्यथियों के नाम के सामने नहीं लिखा जाए। अधिमान को केवल अंको अर्थात् 1, 2, 3 आदि में दर्शाया जाएगा तथा शब्दों अर्थात् एक, दो, तीन आदि में नहीं दर्शाया जाएगा। अंको को भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप यथा 1, 2, 3 आदि या रोमन रूप या संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में प्रयुक्त रूप में चिन्हित किया जाएगा। मतपत्र पर हस्ताक्षर या आद्यक्षर नहीं करें या अपना नाम या कोई शब्द नहीं लिखें साथ ही, अपने अंगूठे का निशान नहीं लगाएं। इनसे आपका मतपत्र अमान्य हो जाएगा। अपने अधिमान को दर्शाने के लिए सही या क्रॉस का चिन्ह लगाना पर्याप्त नहीं है। ऐसे मतपत्र को अस्वीकार किया जाएगा। अपने अधिमानों को उपर्युक्तानुसार केवल अंको 1, 2, 3 आदि में दर्शाएं। अपने मत को विधिमान्य बनाने के लिए, यह आवश्यक है कि आप किसी एक अभ्यर्थी के सामने अंक 1 लिखकर अपना प्रथम अधिमान दर्शाए। अन्य अधिमान केवल ऐच्छिक हैं, अर्थात् आप द्वितीय और उसके आगे के अधिमानों को दर्शा सकते हैं या नहीं भी दर्शा सकते हैं।

# बीईओ रिचा सिंह के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्कूल की पढ़ाई से छूटे हुए बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए सोमवार से स्कूल चलो अभियान संचालित किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम तहत पांच वर्ष से 14 वर्ष तक के ऐसे बच्चे, जो कभी स्कूल नहीं गए या ड्रापआउट हैं, उन्हें चिह्नित कर उनका परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराया जाएगा। कोरोना काल के दौरान पिछले दो शैक्षिक सत्रों के दौरान स्कूल चलो अभियान नहीं संचालित किया जा सका था। ऐसे बच्चों को चिह्नित करने के लिए घर–घर सर्वेक्षण अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को श्रावस्ती में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। मिल्कीपुर खंड शिक्षाधिकारी रिचा सिंह के नेतृत्व में कंपोजिट विद्यालय इनायत नगर परिसर स्कूल चलो अभियान का आगाज हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों ने शिक्षा को कैसे ऊंची शिखर पर पहुंचाया जाए, अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का जीवन में बहुत ही महत्व है। शिक्षा ही हमें ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। चाहे वह देश के राष्ट्रपति हो या न्यायाधीश हो, मुख्यमंत्री हो, यह सभी लोग शिक्षा की ही देन है, जो आज इस ऊंचाई पर पहुंचे हैं। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि का खंड शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रिचा सिंह ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने की जिम्मेदारी सभी शिक्षकों की है इसके साथ ही केंद्रीय एंव प्रदेश सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को लेकर जारी किए गए आदेश निर्देश का अक्षरसा पालन करते हुए शिक्षा के गुणवत्ता में उत्तरोत्तर निखार लाने में भी सभी शिक्षकों को बढ़–चढ़कर आगे आना होगा। शुभारंभ कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम सहित स्वागत गीत भी पेश किए गए। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मिल्कीपुर अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड भी विधायक अवधेश प्रसाद के कर कमलों द्वारा वितरित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इनायतनगर भारत यादव, संघ के मंत्री भगवती प्रसाद यादव, अभिषेक यादव विजय सिंह, सरिता मिश्रा, सुषमा यादव , सुरेंद्र वर्मा, चंद्रशेखर सिंह, बच्चू लाल मिश्रा सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहीं।

# खसरा जैसे गंभीर बीमारी को हल्के में न ले मरीजों के परिजन – डाक्टर अजय तिवारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय प्रचंड गर्मी से आम जनमानस काफी परेशान है।मनुष्य हो या फिर पशु पक्षी।लोगों का यही कहना है कि जब अप्रैल माह मे इतनी प्रचण्ड गर्मी है तो मई जून में क्या हाल होगा।वही इस मौसम अनेक बीमारी भी उत्पन्न हो रही है।वही चिकित्सको के मुताबिक इस मौसम में खसरा,बुखार के साथ साथ डायरिया,खुजली,फूड पायजिंग सहित अनेक रोगो के उत्पन्न होने का खतरा रहता है।जिसमे खासकर छोटे छोटे बच्चों में इस समय खसरा नामक गंभीर बीमारी होने की संभावना रहती है।इस संबंध में देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल अयोध्या के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव ने शहर के जाने माने चिकित्सक डाक्टर अजय तिवारी से इस रोग के संबंध में जानकारी लिया।इस मौके में हमारे समाचार पत्र व चौनल के माध्यम से उन्होने बताया कि खसरा बदलते मौसम मे बहुत सारे संक्रमण रोगों मे से एक प्रमुख रोग है।यह वायरस द्वारा फैलाने वाला चेचक की तरह भयंकर रोग है, जो कि खासकर बच्चों को अधिक प्रभावत करता है।उन्होने बताया कि इस रोग के वायरस गले की शलेस्मा एवं नाक के श्राव मे पाए जाते हैं।जो रोगी के थूक के साथ शरीर से बाहर आकर हवा में मिलकर दूसरे ब्यक्ति को संक्रमित करते हैं।उनके मुताबिक बदलते मौसम मुख्यतः फरवरी से मार्च के समय में इसके इन्फेक्शन का खतरा



ज्यादा होता है।और इसका संप्रति काल 10 से 12 दिनों का होता है।इसके लक्षण इसी बात लगाया जा सकता है कि सर्दी, जुकाम, सर दर्द, बुखार, आँखो का लाल होना,4 से 5दिनों में शरीर पर छोटे छोटे दाने निकल आते हैं।वही डाक्टर अजय तिवारी के मुताबिक रोगी को ठीक होने में लगभग 8से 10 दिन लग जाते हैं।उन्होने बताया कि इस रोग से पीडित रोगी को साफ सुथरे कमरे में अन्य लोगों से दूर रखें।उसे पूरी तरह से आराम करने दे।से उस कमरे में रखे जिस कमरे में सूर्य का प्रकाश आता हो।वही रोगी को गुनगुना पेय पदार्थ दें।बीच बीच में नाक मुँह से निकलने वाले श्राव को स्वच्छ कपड़े से साफ करते रहें।वही इस रोग के प्रति प्रतिरोधक छमता हेतु बच्चों को जन्म के नौवे माह में खसरे का टीका अवश्य लगवाने के साथ साथ संक्रमित रोगी से अन्य लोगों को दूर रखें और अपने नजदीकी डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

# प्रशासन द्वारा धरना से जबरन उठाए गए परिवार से मिले हिंदूवादी नेता

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी की बिटिया को न्याय दिलाने हेतु गांधी पार्क में धरना दे रही समाजसेवी अर्चना तिवारी तथा उनके पति अंतरिक्ष तिवारी को प्रशासन द्वारा देर रात जिस तरह जबरन उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया उस घटना के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए शिव सेना उत्तर प्रदेश प्रमुख संतोष दुबे तथा हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय तथा हिंदू योद्धा संगठन के प्रमुख महेश मिश्र ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर वस्तुस्थिति को जानते हुए प्रशासन की कड़े शब्दों में आलोचना की है इस अवसर पर शिवसेना प्रमुख संतोष दुबे ने कहा कि अयोध्या की बिटिया को न्याय दिलाने हेतु संघर्ष अनवरत जारी रहेगा, यह लड़ाई रुकेगी नहीं, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि जिस तरह धरना प्रदर्शन को जबरन समाप्त कराया गया उससे साफ–साफ प्रशासनिक अक्षमता सिद्ध हो रही है, हिंदू योद्धा संगठन के प्रमुख महेश मिश्र ने कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी करें अन्यथा यह धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा ज्ञात हो कि धरना दे रहे परिवार द्वारा प्रशासन को 5 सूत्रीय ज्ञापन दिए जाने की व्यवस्था की गई है और यह कहा जा रहा है कि जब तक जिला अधिकारी महोदय खुद आकर हम से वार्ता नहीं करते हमारा अनशन समाप्त नहीं होगा किंतु अभी तक जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया है जिसकी वजह से पूरा परिवार बेहद व्यथित और आक्रोशित है शिवसेना प्रमुख संतोष दुबे तथा हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय महेश मिश्रा द्वारा समाजसेवी अर्चना तिवारी तथा अंतरिक्ष तिवारी को पूर्ण रूप से समर्थन प्रदान करते हुए उन्हें इस बात का आश्वासन दिया गया की अयोध्या की बिटिया को न्याय दिलाने हेतु यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक वास्तविक अपराधियों की तथा उन को संरक्षण देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तथा पूरा मामला सीबीआई को सुपुर्द नहीं किया जाता है।

# जिले के थाना कैंट क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बस पलटने से तीन की मौत : तीस यात्री घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।जिले के कैंट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 27 पर ओवरटेक करते समय एक प्राइवेट बस नियंत्रित होकर पलट गई।सूत्र के मुताबिक इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीस बस यात्री घायल हो गये।बताया जा रहा है कि बस में सवार करीब 30 यात्री जख्मी हो गए हैं।सभी घायल यात्रियों को अयोध्या के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस हादसे का शिकार हुई बस दिल्ली से बांसी और सिद्धार्थ नगर जा रही थी।वही दुर्घटना के बाद जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बयान जारी कर कहा है कि घायलों की हरसंभव मदद करने की कोशिश की जा रही है।मिली जानकारी के मुताबिक हादसे के दौरान पलटी बस को सीधा करने के लिए क्रेन की मदद ली गई. क्रेन के जरिए लंबी मशक्कत के बाद बस को सीधा किया जा सका।इससे पहले 9 मार्च को उत्तर प्रदेश के इटावा में सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई थी।इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए थे. हादसा सैफई रोड पर ग्राम नगला के पास हुआ था. यहां ट्रक और कार की आमने–सामने भिड़ंत हुई थी। इटावा के अपर पुलिस अधीक्षक सत्पाल सिंह ने बताया था कि ट्रक इटावा की तरफ जा रहा था, जबकि अर्टिगा कार दूसरी तरफ से आ रही थी. हादसे के बाद अर्टिगा सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।ट्रक सवार एक शख्स की मौत इलाज के दौरान हुई थी. मृतकों में से 5 अर्टिगा कार में, जबकि एक ट्रक में सवार था।

# डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी पर सपा नेता ने जताया अनोखा विरोध

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)इस समय लगातार डीजल पेट्रोल के बढ़ते दामों को लेकर दिव्यांग सपा नेता पंडित समरजीत ने किया अनोखा विरोध जताया।इस मौके पर उन्होने रिकाबगंज चौराहे पर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवा रही जनता को लड्डू बाटा ।पेट्रोल डीजल भरवा रहे वाहन चालकों को लड्डू खिला खिला कर शतक लगाने पर देश के प्रधानमंत्री को धन्यवाद तथा बधाइयां दिया।इस मौके पर पंडित समरजीत ने कहा– विधानसभा चुनाव खत्म होते ही भाजपा सरकार देश की जनता को महंगाई की चकिया में पीसना चालू कर दिए हैं। आज मध्यम वर्ग तथा गरीब जनता में त्राहि–त्राहि मची हुई है। खाने पीने की वस्तुएं, सब्जियां, दालें, रसोई गैस सिलेंडर, बच्चों की पाठ्य सामग्री, डीजल पेट्रोल, ले यही हमारी गरीब जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी।

# सांसद लल्लू सिंह ने रुदौली में ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ की बैठक

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के सांसद लल्लू सिंह ने रुदौली के हिंदू इंटर कॉलेज में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा संगठन के सैकड़ों लोगों के साथ बैठक कर अंबेडकरनगर अयोध्या से भाजपा के घोषित एमएलसी प्रत्याशी पूर्व सांसद हरिओम पांडेय के लिए बैठक कर बढ़चढ़ कर वोट देने की अपील की।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख सर्वजीत सिंह ने की।इस मौके पर सांसद लल्लू सिंह ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया गांव गरीब महिलाओं दलित शोषित पीड़ित व दबे कुचले लोगों के लिए भारतीय जनता पार्टी एक वरदान के रूप में साबित हुई है।भाजपा सबका साथ सबका विकास को लेकर चलने वाली पार्टी है। आज हर एक जरूरतमंदों को निशुल्क राशन तथा किसान भाईयों को किसान सम्मान निधि के रूप में प्रति वर्ष 6000 रूपए की राशि प्रदान करती है। जिससे आम जनमानस की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो रही हैं। श्री सिंह ने एमएलसी प्रत्याशी हरिओम पांडेय के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए बताया श्री पांडेय जी अच्छे इंसान हैं सबकी सुनने वाले इंसान हैं हमारे साथ पूर्व में लोकसभा में साथी भी रहे हैं इसलिए आप सभी के सम्मान के लिए क्षेत्र के विकास के लिए हम सब सदैव खड़े हैं आप सभी मजबूती से साथ दें।इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता सर्वजीत सिंह ने कहा ब्लॉक हमारा जनपद का सबसे बड़ा ब्लॉक है हम सभी संगठन के साथ मिलकर अच्छे मतों से विजई बनाकर भेजने का कार्य करेंगे। इसके लिए पहले से ही अनवरत बैठकें हमारे सम्मानित सहयोगियों द्वारा चल रही है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष किशोरीलाल भारती, जिला मंत्री शिव गोविंद पांडेय, पूर्व चेयरमैन अशोक कसौधन भाजपा नेता मुन्ना सिंह, मंडल अध्यक्ष रामदीन वर्मा, प्रधान संघ के अध्यक्ष बलभद्र यादव, विजय शंकर शुक्ला, अमरनाथ लोधी, बब्लू यादव सहित सैकड़ों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी/कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# 1121 दीपक जलाकर वकीलों ने किया नवरात्रि पूजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नवरात्रि महोत्सव पर कचेहरी स्थित कलेक्ट्रेश्वर महादेव मन्दिर में लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री व इस बार लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुरेश पाण्डेय ने दर्जनों अधिवक्ताओं के साथ 1121 दीपक



जलाकर माता रानी की पूजा–अर्चना की और सबकी कुशलता की कामना की। इस पावन मौके पर लखनऊ बार एसोसिएशन कार्यकारिणी के सदस्य अरविन्द कुमार, विनय कुमार पाण्डेय व शैलेन्द्र अवस्थी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।दीपदान में अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी,संरक्षक राम कृष्ण मिश्र,राज बहादुर मिश्र,यतीश्वर व अधिवक्ता परिषद के सम्मानित सदस्य सम्मिलित होकर हर्षोल्लास से नव संवतसर को मनाया।

# महिला सशक्तिकरण से होगी एक नए समाज की शुरुआत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अपना वजूद भुलाकर,हर किरदार निभाती है।ये वो देवी है जो,घर को स्वर्ग बनाती है। नारी ही है जिसकी वजह से सारा संसार गतिमान है। वो हैं तो मां का आंचल है, वो है तो भाई के कलाई पर राखी बंधती है। नारी वो रानी लक्ष्मी बाई है जो अपने हक के लिए लड़ना जानती है, नारी वो मदर टेरेसा है, जो सहायता करना जानती है। उक्त विचार महिला सशक्तिकरण के क्रम में आदर्श मिनी ग्राम पंचायत सचिवालय नेवादा चंदेली में कोतवाल डीके सिंह ने कहीं। कोतवाल डीके सिंह ने कहा कि उनका प्रयास है कि क्षेत्र के सभी गांव, पुरवा, कस्बे के मोहल्लों में गोष्टी के माध्यम से महिलाओं ,बालिकाओं, छात्राओं को महिला सशक्तिकरण पर जागरूक किया जाएगा। नेवादा चंदेली में संबोधित करते हुए कोतवाल डीके सिंह ने कहा कि अपने वास्तविक रूप में, महिला सशक्तिकरण में स्वतंत्रता, समानता के साथ–साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पहलू शामिल हैं।सही समर्थन मिलने पर महिलाओं ने हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं को विविध भूमिकाओं को संभालते देखा है, चाहे वह एक प्रधान मंत्री, अंतरिक्ष यात्री, उद्यमी, बैंकर और बहुत कुछ हो। साथ ही महिलाओं को परिवार की रीढ़ की हड्डी भी माना जाता है। घरेलू कामों से लेकर बच्चों के पालन–पोषण तक, वे कई जिम्मेदारियों को संभालते हैं।



यही कारण है कि वे मल्टीटास्किंग में महान हैं और अक्सर कई कामकाजी महिलाएं पेशेवर और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बीच कुशलता से काम करती हैं। एंटी रोमियो टीम प्रभारी धर्मेंद्र विश्नोई,हलका इंचार्ज नरेंद्र सैनी, हेड मुहर्रिर राजेंद्र सैनी, शोभित मिश्रा, विवेक, प्रियंका चौहान ,राजेश कुमार आदि लोगों ने भी महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए। प्रधान पति अशोक कुमार ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

# सरयू किनारे स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा : सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे अनावरण

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) सूत्र के मुताबिक आगामी नौ मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरयू के किनारे गुप्तार घाट में स्थापित की गई राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की बैठक के बाद परिषद के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि लम्बे संघर्ष के बाद सरयू के किनारे गुप्तार घाट में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित हो चुकी है और उसका नौ मई को जिस दिन महाराणा प्रताप की जयंती है उसी दिन प्रतिमा का अनावरण देश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस सम्बन्ध में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें आमंत्रण दे दिया गया है और योगी जी ने इस कार्यक्रम के लिए सहमति भी व्यक्त कर दी है। उन्होंने कहा कि नौ मई को मूर्ति अनावरण समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में न्यायमूर्ति देवी प्रसाद सिंह और ज्यायमूर्ति रणाविजय सिंह के अतिरिक्त मंडल के मंडलायुक्त, आई.जी के पौ. सिंह, जिलाधिकारी नि कुमार एस.एस. पी. शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित सांसदपक वेदप्रकाश गुप्त, अमित सिंह, रामचन्द्र यादव, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय आदि का भी सम्मान किया गया है। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर नगर में एक जुलूस भी निकाला जायेगा। इस अवसर पर नगर विधायक वेदप्रकाश गुप्त का कल्याण परिषद की ओर से आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया गया। अपने सम्बोधन में विधायक वेदप्रकाश गुप्त ने कहा कि हम दुबारा अयोध्या की जनता का आशीर्वाद लेकर विधायक बने हैं और पूरे कार्यकाल भर हम अयोध्या व अयोध्या की जनता को सेवा करते रहेंगे। प्रमुख रूप से चौगुरुप्रसाद सिंह, चन्द्रदेव सिंह, अम्बरीश सिंह, अमरनाथ सिंह, संतोष सिंह भूपेन्द्र सिंह, सुनील सिंह एडवोकेट, दिनेश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, अनिल सिंह, अरुण कुमार सिंह, अमित सिंह, अलका सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, राजेश सिंह मया, राणाप्रताप सिंह, भगवती सिंह, अमरजीत सिंह, हरचक्श सिंह, नागेन्द्र प्रताप सिंह, विनय कुमार सिंह, नीता सिंह, रोमा सिंह लालजीत सिंह, आलोक सिंह रोहित, चंदन सिंह, बबीता सिंह, उमा सिंह, रेनू सिंह,विनोद सिंह, ई. एल.बी. सिंह, भाष्कर सिंह, अमर बहादुर सिंह, स्वीन्द्र भान सिंह, राजेन्द्र सिं कौशलेन्द्र सिंह, सूर्यनारायण सिंह, अमरजीत सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह, जे. पी. एन. सिंह कुलदोष दुर्गेश सिंह छोट, शुभेन्द्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन परिषद महामंत्री सूर्यभान सिंह ने किया।

# अम्बा धाम बसरही में लगा भक्तों का रेला : आस्था का केंद्र बना अम्बा धाम बसरही

सुजानगंज– ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : चैत्र नवरात्रि में सभी मंदिरों में धूम मची हुई है ।वहीं सुजानगंज बदलापुर मार्ग पर स्थित सुजानगंज के माँ अम्बा धाम बसरही मन्दिर में हजारों भक्तों ने मत्था टेका। इस दौरान घण्टे–घड़ियालों की गूंज से वातावरण गूंज उठा, वहीं माता रानी की जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इसके पहले मंगलवार को सुबह अम्बा धाम में भक्तों की कतार लग गयी । इसके बाद भक्तों ने जय माता दी का जयकारा लगाते हुये दर्शन–पूजन किया और सुख–समृद्धि के लिये मंगलकामना किया और वही पर भक्तों ने नारियल, चुनरी, रोरी, रक्षा, कपूर, अगरबत्ती, धूपबत्ती आदि से पूजा किया। एक सप्ताह पहले से ही नवरात्रि के तैयारी में पूरी मन्दिर समिति बड़े ही उत्साह के साथ मन्दिर के सजावट में जुटे हुए थे। लोगों का कहना है कि यहां माथा टेकने से हर कार्य पूरा होता है। आस्था का केंद्र बन गया है अंबाजी धाम बस रही यहां पर आसपास के सभी जनपदों से श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ परिवार से अपनी मनोकामना के साथ आते हैं और पूरी भी होती है. मंदिर का निर्माण कार्य सन 2000 में पूर्ण होते ही वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई और बड़े ही सवाल पूर्वक मंदिर की स्थापना हुई. वहीं पर मंदिर के पुजारी पंडित विनोद उपाध्याय ने बताया कि मंदिर परिसर में नवरात्रि के समय बहुत ही धूम मची रहती है तमाम श्रद्धालु अपनी सच्ची श्रद्धा के साथ आते हैं और उनकी मुरादें पूरी होती



है सुबह शाम यहां पर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है और बहुत सारे कलाकारों द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम भी चलता रहता है. और समय–समय पर मंदिर परिसर काका पाठ मुख्य द्वार बंद कर साफ सफाई का कार्य भी किया जाता है जिससे मंदिर में स्वच्छता बनी रहे और शासन प्रशासन द्वारा भी सहयोग प्राप्त रहता है जिससे प्रत्येक नवरात्रि में बहुत सारे भक्तगण आते हैं और उन्हें कोई समस्या नहीं होती क्षेत्री लोगों का भी सहयोग रहता है।

# गेहूं खरीद लापरवाही मामले में नहीं बरते कोई कोताही : डीएम अयोध्या

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में गेहूं क्रय व्यवस्था, क्रय गेहूं के भण्डारण, बिल्डिंग भुगतान, निरीक्षण, अनुश्रवण आदि के सम्बंध में गेहूं खरीद में नियुक्त समस्त कार्मिक को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न हुई।इस कार्यशाला में जिलाधिकारी ने पंजीकरण, सत्यापन व खरीद हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के समस्त क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद के सभी कार्यो को सुचार रूप से संचालित किया जाये। कृषकों से गेहूं खरीदने में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केन्द्र नियमित व समय के खुले और आवक होने पर तत्काल खरीद सुनिश्चित की जाये। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। इसी के साथ ही भुगतान को भी सम्बंधित अधिकारी समय से सुनिश्चित करायें। इसके लिए उन्होंने जिला क्रय प्रभारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, सभी उप जिलाधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी तथा क्रय एजेंसियों के प्रभारियों को विशेष सतर्क एवं संवेदनशील रहने के निर्देश दिये।इस कार्यशाला में एडीएम वित्त एवं राजस्व श्री महेन्द्र कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को सत्यापन का कार्य समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। क्रय केन्द्र प्रभारियों को क्रय केन्द्र पर किसानों को समुचित सुविधा उपलब्ध कराने तथा पारदर्शी तरीके से क्रय करने के निर्देश दिये तथा उपकरणों की उपलब्धता बाट–माप सत्यापन सुनिश्चित कराने हेतु मण्डी सचिव व बाट–माप विभाग को निर्देशित किया। इस दौरान डीएफएमओ ने गेहूं क्रय नीति की जानकारी देते हुये बताया कि इस वर्ष में 54 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य है। समर्थन मूल्य 2015 रूपये प्रति कुन्तल निर्धारित है। क्रय केन्द्रों के खुलने का समय प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक है। उन्होंने बताया कि जनपद में 05 एजेंसियों के 50 क्रय केन्द्र स्थापित है। उन्होंने बताया कि आधार पंजीकरण के पश्चात 100 कुन्तल से अधिक होने पर सम्बंधित उपजिलाधिकारी से सत्यापन अनिवार्य होगा।इस कार्यशाला में एडीएम एफ/आर, सभी एसडीएम, डीएफएमओ, जिला कृषि अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, क्रय एजेंसियों के जिला प्रभारी सहित मंडी, बाट–माप, भारतीय खाद्य निगम आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।